कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-03.01.2024

विषयः-थाना कपसेठी पुलिस ने विभिन्न थानों पर पंजीकृत लगभग आधा दर्जन मुकदमों में वांछित 25000/-रूपये का इनामिया अभियुक्त शिवपरसन मुसहर को किया गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 03.01.2025 को थाना कपसेठी पुलिस द्वारा मुखबिर की सुचना पर कपसेठी रेलवे स्टेशन के पास से गोमती जोन के थाना कपसेठी, मिर्जामुराद व जंसा पर पंजीकृत लगभग आधा दर्जन से अधिक मुकदमों में वांछित 25000/- रूपये का इनामिया अभियुक्त शिवपरसन मुसहर पुत्र स्व0 डोमा मुसहर, नि0 ग्राम डुमरइथ, थाना भभुआ, जनपद कैमूर बिहार को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ का विवरण-:

पूछताछ के दौरान अभियुक्त उपरोक्त ने बताया कि साहब मैं अपने साथियों के साथ मिलकर छोटी मोटी चोरियां करता था। फरवरी 2024 में बनौली गांव के बाहर बने घर के पीछे की दिवाल में बनी खिड़की के रास्ते से घर के अन्दर घुस कर पैसे मोबाइल व गहनें चोरी किया था, अप्रैल 2024 में ग्राम महाराजपुर में घर मे घुसकर चोरी की थी जिसमें महिला नें हममें से एक को देखा भी था लेकिन मैं अपने साथियों के साथ मौके से भाग गया था, जून 2024 में ग्राम नेवादा में रोड के किनारे घर में दिन में घुसकर बाक्स को उठा ले गये थे जिससे गहने व नगद रूपये निकालकर बाक्स को रास्ते में फेककर भाग गये थे, जुलाई 2024 में ही ग्राम बेलवा में एक घर के मेन सटर का ताला तोड़कर बाक्स में रखे गहनें व नगद रूपये चोरी करके भाग गये थे, अगस्त 2024 में ग्राम हरिहरपुर जंसा में एक घर में मेन गेट का ताला तोड़कर बक्शा सूटकेश व दो लोहे की आलमारी को तोड़कर उनमें ऱखे गहने व नगद रूपये चुराकर भाग गये थे, जून माह 2024 में ग्राम मोतीकोट जंसा में एक घर में घुसकर गहने चुराकर भाग गये थे, मई महीना 2024 में ग्राम मेहंदीगंज थाना मिर्जामुराद में एक घर में घुसकर आलमारी को तोड़कर उसमें ऱखे

गहने व नगद रूपये चुराकर भाग गये थे चोरी किये सामान के बारे में पूछा गया तो बता रहा है कि साहब मैने अपने साथियों के साथ जो भी सामान चोरी किया था उसको मेरे साथ का सुदरसन चुराये गहनों व अन्य सामानों को बेचता था परन्तु किस दुकान पर बेचता था मुझे पता नही है और मुझे और मेरे अन्य साथियों को आपस में हिस्सा बाट दिया जाता था और उन्ही रूपयों से मैं और मेरे अन्य साथी अपना अपना खर्चा और शौक पूरा करते थे मेरे पास जो रूपये बरामद हुआ है ओ मेरे पास से जो रूपये बरामद हुए वो मेरे पास बाकी के बचे रूपये है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>
शिवपरसन मुसहर पुत्र स्व0 डोमा मुसहर, नि0 ग्राम डुमरइथ, थाना भभुआ, जनपद कैमूर बिहार।

<u>विवरण बरामदगीः-</u> अभियुक्त के कब्जे से कुल 3170 रूपये माल मुकदमाती बरामद हुआ है।

<u>आपराधिक इतिहासः</u>- (सभी मे वाछिंत)

1. मु0अ0सं0- 015/2024 धारा 380/457/411 भादवि0 थाना कपसेठी कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 0054/2024 धारा 380/457/411 भादवि थाना कपसेठी कमि0 वाराणसी।
3. मु0अ0सं0 0068/2024 धारा 454/380 भादवि थाना कपसेठी कमि0 वाराणसी।
4. मु0अ0सं0-0081/2024 धारा 305/331(3) बीएनएस थाना कपसेठी कमि0 वाराणसी।
5. मु0अ0सं0 0085/2024 धारा 305/331(4) बीएनएस थाना कपसेठी कमि0 वाराणसी।
6. मु0अ0सं0 0099/2024 धारा 380 भादवि थाना जन्सा कमि0 वाराणसी।
7. मु0अ0सं0 0158/2024 धारा 331/305 बीएनएस थाना जन्सा कमि0 वाराणसी।
8. मु0अ0सं0 103/2024 धारा 457/380 भादवि थाना मिर्जामुराद कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-</u>
1. प्र0नि0 श्री अरविन्द कुमार सरोज, थाना कपसेठी, कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 दिनेश कुमार त्रिपाठी, चौ0प्र0 बाजार कालिका, थाना- कपसेठी कमि0 वाराणसी।
3.उ0नि0 आशीष कुमार, थाना कपसेठी, कमि0 वाराणसी।
4.का0 अरविन्द प्रजापति, थाना कपसेठी, कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, गोमती ज़ोन
कमिश्नरेट वाराणसी